दिनांक- 05.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 497/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 05.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 05.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 498/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना कुलपहाड़

## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुलपहाड़ पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 04.08.2026 को थाना कुलपहाड़ पर वादी खेमचन्द्र पुत्र खिल्लू द्वारा सूचना दी गई कि उसकी पुत्री को अभियुक्त द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 176/2026 धारा 137(2)/87/74/352/351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट बनाम केशु उर्फ कृष्ण कुमार पुत्र शंकर, उम्र 23 वर्ष, निवासी बेरपुरा जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा सहित अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

अभियोग के मुख्य वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित टीम के उ0नि0 मलखान सिंह मय हमराह हे0का0 शिवप्रताप सिंह व का0 अवनीश उपाध्याय द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त केशु उर्फ कृष्ण कुमार उपरोक्त को पंचमुखी चौराहा, स्टेशन रोड क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 मलखान सिंह

2.हे0का0 शिवप्रताप सिंह

3.का0 अवनीश उपाध्याय

### गिरफ्तार अभियुक्त-

केशु उर्फ कृष्ण कुमार पुत्र शंकर, उम्र करीब 23 वर्ष
निवासी बेरपुरा जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा



दिनांक- 05.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 499/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी थाना चरखारी

## थाना चरखारी पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के नेतृत्व में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शराब/जुआ/गांजा एवं अवैध शस्त्र बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरखारी पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

उक्त अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक बीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना चरखारी द्वारा गठित टीम के उ0नि0 हरिश्चन्द्र सिंह मय हमराह का0 संदीप कुमार द्वारा दिनांक 04.08.2026 को 01 नफर वारंटी अभियुक्त विनय कुमार पुत्र सुरेश कुमार द्विवेदी, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम अकठौहा थाना चरखारी जनपद महोबा को केश संख्या 436/2020 धारा 138 एन.आई. एक्ट से संबंधित वारंट के अनुपालन में ग्राम अकठौहा थाना चरखारी जनपद महोबा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 हरिश्चन्द्र सिंह

2.का0 संदीप कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

विनय कुमार पुत्र सुरेश कुमार द्विवेदी, उम्र करीब 28 वर्ष

निवासी ग्राम अकठौहा थाना चरखारी जनपद महोबा



दिनांक- 05.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 500/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर थाना कोतवाली नगर

## महोबाः यूपी-112 की तत्परता से ट्रेन हादसे में घायल युवक को मिला जीवनदान।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में संचालित यूपी-112 सेवा द्वारा निरंतर त्वरित एवं प्रभावी पुलिसिंग की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 04.08.2026 को कॉलर पुष्पेंद्र पाल पुत्र मयंक पाल निवासी ग्राम ठुरती थाना लवकुश नगर जनपद छतरपुर द्वारा यूपी-112 पर सूचना दी गई कि एक व्यक्ति ट्रेन से कटकर घायल अवस्था में रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में संचालित पीआरवी-MBA5821 (4W) तत्काल मौके पर पहुंची।

मौके पर पहुंचकर पीआरवी स्टाफ द्वारा घायल व्यक्ति की पहचान राजकुमार राजपूत पुत्र लक्ष्मी राजपूत निवासी गौर थाना गढ़ी मलहरा जनपद छतरपुर के रूप में की गई, जो रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया था। पीआरवी कर्मियों ने बिना विलंब किए घायल को तत्काल जिला अस्पताल महोबा पहुंचाकर भर्ती कराया तथा उसके परिजनों को भी सूचित किया।

पीआरवी टीम की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही के परिणामस्वरूप घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकी। इस सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय नागरिकों द्वारा यूपी-112 सेवा की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

**पीआरवी स्टाफ विवरणः**

कमाण्डर – मु०आरक्षी हरिशंकर श्रीवास

सब कमाण्डर – आरक्षी आकाश चौहान

पायलट – आरक्षी विपिन कुमार यादव

